# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS

## COMPILED BY MEDIA CELL (24.09.2024)



DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:24.09.2024, PAGE-04

# बीआरएबीयू के सीनेट चुनाव में 82 प्रतिशत मतदान

15 शिक्षक प्रतिनिधियों का होगा चयन, 14 जिलों में शांतिपूर्ण रही प्रक्रिया, चार घंटे तक वोटिंग, कल जारी होगा परिणाम

सीनेट चुनाव के दौरान यह रहा बूथवार मतदान का प्रतिशत



PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:24.09.2024, PAGE-04

सीनेट चुनाव : एक साथ 14 जिलों में मतदान, सहरसा के बीएनएम होमियोपैथी कॉलेज में 100 पड़े वोट

# 12 वर्ष के बाद चुनाव, 82 % शिक्षकों ने की वोटिंग

बूथवार हुआ मतदान प्रतिशत का आंकड़ा

सेंटर-वोटर और मतदान का प्रतिशत

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:24.09.2024, PAGE-04

# बीआरएबीयू : स्नातक के कोर्स में शामिल होगी पर्यावरण की शिक्षा

## यूजीसी ने समकालीन पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए विश्वविद्यालय को दिया निर्देश

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू समेत देशभर के विश्वविद्यालयों में स्नातक में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अब समकालीन पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने को लेकर अध्ययन करना होगा. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत किये जा रहे बदलाव के तहत यूजीसी ने स्नातक के सभी संकायों के छात्रों के लिए पर्यावरण शिक्षा को अनिवार्य कर दिया है.

विश्वविद्यालय को भेजे गये पत्र में यूजीसी के सचिव मनीष आर.जोशी ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी-2020) के उद्देश्यों के अनुरूप और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद स्नातक में पर्यावरण शिक्षा को पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना है.

इसके तहत पाठ्यक्रम में जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया जाएगा. छात्रों को समकालीन पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने के लिए यह आवश्यक होगा. छात्रों के सीखने के अनुभव को समृद्ध करने के लिए टीम शिक्षण सहित नवीन शिक्षण दृष्टिकोणों का उपयोग करने को कहा गया है. यूजीसी ने इसको लेकर पाठ्यक्रम भी जारी कर दिया है. इसे इसी सत्र से प्रभावी बनाया जाना है.

**विवि ने लोकपाल की नियुक्ति की नहीं दी जानकारी :** विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की समस्याओं को सुनने के लिए लोकपाल की नियुक्ति की जानकारी बिहार के किसी भी विश्वविद्यालय ने यूजीसी को नहीं दी है.

यूजीसी की ओर से लोकपाल की नियुक्ति कर रिपोर्ट देने वाले संस्थानों की सूची जारी की है. इसमें बिहार के किसी भी विवि का नाम शामिल नहीं है. बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में बीते दिनों लोकपाल की नियुक्ति की गयी थी, लेकिन यूजीसी को रिपोर्ट नहीं भेजी गयी.

यूजीसी ने कहा है कि जिन संस्थानों में लोकपाल नियुक्त नहीं हैं, वहां शीघ्र इसकी रिपोर्ट भेजें. उच्च शिक्षण संस्थानों में लोकपाल की नियुक्ति को अनिवार्य कर दिया गया है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 2409.2024, PAGE-06

### तीन श्रेणियों में डाले गए वोट, इनमें पीजी, अंगीभूत और संबद्ध कॉलेज रहे शामिल

# बीआरएबीयू में 12 साल बाद सीनेट चुनाव, 82% वोट पड़े

**मतदान**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में 12 साल बाद सीनेट चुनाव हुआ। इसमें 82 प्रतिशत वोटिंग हुई। रजिस्ट्रार सह निर्वाची पदाधिकारी प्रो. अपराजिता कृष्णा ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। सीनेट का चुनाव 14 जिलों में हुआ। इसमें पीजी, अंगीभूत कॉलेज और संबद्ध कॉलेज तीनों श्रेणियों में वोट डाले गये। मुजफ्फरपुर और आसपास के जिलों में सुबह 10.30 से वोटिंग शुरू हुई तो दूर-दराज के जिलों में सुबह 9 बजे से वोटिंग शुरू हुई।

रजिस्ट्रार ने बताया कि सबसे पहले मतदान सहरसा और कटिहार में खत्म हो गया। सीनेट चुनाव की मतगणना 25 सितंबर को होगी और उसी दिन परिणाम जारी किया जायेगा। सीनेट चुनाव के दौरान रजिस्ट्रार और प्रॉक्टर प्रो. वीएस राय अपनी टीम के साथ बूथों पर घूमते रहे। अधिकारियों की टीम में गौरव, अमितेष और सूरज शामिल थे। सीनेट चुनाव में पीजी के बैलेट पेपर पर हस्ताक्षर कराने पर कुछ वोटरों ने आपत्ति दर्ज की। शिकायत पर निर्वाची अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मतपत्र पर हस्ताक्षर वाले हिस्से को कटवा दिया। आरडीएस कॉलेज में चुनाव के दौरान वोटर लिस्ट में नाम नहीं रहने पर एक वोटर ने आपत्ति जतायी। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने सीनेट के सफल चुनाव पर शिक्षकों और कर्मियों को बधाई दी है।

**मतदान के लिए दिनभर रहा उत्साह** : सीनेट चुनाव को लेकर दिनभर शिक्षकों में उत्साह रहा। शिक्षक कतारबद्ध होकर मतदान केंद्रों पर वोट डालने पहुंच रहे थे। पीजी विभाग के लिए दोपहर 12 बजे तक 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था। तेज धूप और भीषण गर्मी के बाद भी शिक्षक वोट डालने के लिए बूथों पर पहुंच रहे थे। मुजफ्फरपुर में एलएस कॉलेज, आरडीएस कॉलेज, एमडीडीएम कॉलेज और पीजी बॉटनी विभाग में बूथ बनाये गये थे। सीनेट चुनाव में 36 उम्मीदवार मैदान में हैं।



एलएस कॉलेज में सोमवार को सीनेट चुनाव के दौरान मतदान करने के लिए कतार में खड़ी शिक्षिकाएं।

**दोपहर ढाई बजे के बाद आने लगे बैलेट बॉक्स**

दोपहर ढाई बजे के बाद बूथों से बैलेट बॉक्स विवि में पहुंचने लगे। बैलेट बॉक्स के लिए विवि में वज्रगृह बनाया गया है। रात साढ़े दस बजे से उम्मीदवारों के सामने बैलेट बॉक्स को सील किया गया। रजिस्ट्रार की देखरेख में बैलेट बॉक्स स्ट्रांग रूम में रखे गये। चुनाव में 2166 वोटर थे। चुनाव के लिए 50 बैलेट बॉक्स मंगाये गये थे। चुनाव को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस की तैनाती की गई थी। इसके अलावा पुराने गेस्ट हाउस में कंट्रोल रूम में अधिकारी तैनात थे।

**कहां-कितने पड़े वोट**

- बॉटनी विभाग - 96 प्रतिशत
- आरडीएस कॉलेज 96 प्रतिशत
- एलएस कॉलेज 85 प्रतिशत
- एमडीडीएम कॉलेज 76 प्रतिशत
- एमएस कॉलेज मोतिहारी 75.5 प्रतिशत
- बगहा डिग्री कॉलेज 76 प्रतिशत
- आरएन कॉलेज हाजीपुर 90 प्रतिशत
- डीसी कॉलेज 87 प्रतिशत
- महर्षि मेंही होम्योपैथी कॉलेज 75 प्रतिशत
- केएन होम्योपैथी कॉलेज 83 प्रतिशत
- डॉ वाईएसएम होम्योपैथी कॉलेज 94 प्रतिशत
- एमकेएच कॉलेज 77 प्रतिशत
- डॉ आरबीएस होम्योपैथी कॉलेज 66 प्रतिशत
- श्री मोती सिंह आयुर्वेद कॉलेज 41.94 प्रतिशत
- जीडी होम्योपैथी कॉलेज 99 प्रतिशत
- मगध होम्योपैथी कॉलेज 61 प्रतिशत
- बीएनएम होम्योपैथी कॉलेज 100 प्रतिशत

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 24.09.2024, PAGE-02

**मतगणना कल •** मुजफ्फरपुर सहित 14 जिलों में 19 केंद्रों पर मतदान, देर रात तक सेंट्रल लाइब्रेरी में जमा किए गए बैलेट बॉक्स

# सीनेट प्रतिनिधि चुनाव के लिए 82% शिक्षकों ने डाले वोट

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

## बीआरएबीयू : पीजी सेक्शन में 96 में 4 शिक्षकों ने मतदान नहीं किया, 2067 शिक्षक बने थे वोटर



बिहार विश्वविद्यालय में मतदान के लिए पहुंचे शिक्षक।



मतदान के लिए कतार में खड़े शिक्षक।

### सीरियल नंबर को लेकर हुआ विवाद, गरमाता रहा मामला

### शांतिपूर्ण चुनाव में कर्मचारियों का रहा पूरा सहयोग: रजिस्ट्रार

### लोकतंत्र का पाठ पढ़ाने वाले शिक्षक ही भूल गए अपनी जिम्मेदारी

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 24.09.2024, PAGE-02

# इंटीग्रेटेड बीएड प्रवेश परीक्षा 29 को, आज जारी होगा प्रवेश पत्र

## 13 केंद्रों पर होगी परीक्षा, 400 सीटों के लिए हैं 8100 अभ्यर्थी



मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 29 सितंबर को होगी। इसके लिए विवि मुख्यालय, मुजफ्फरपुर में ही 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एडमिट कार्ड मंगलवार को जारी होगा। जबकि, रिजल्ट 4 अक्टूबर को जारी किए जाएंगे। उसके बाद विश्वविद्यालय स्तर से ही मेरिट के आधार पर सफल अभ्यर्थियों के लिए कॉलेज आवंटित किया जाएगा। बता दें कि विश्वविद्यालय से संबद्ध 4 कॉलेजों में बीए-बीएड व बीएससी-बीएड के लिए 400 सीटें हैं। इसके लिए 8100 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा केंद्र के रूप में सभी प्रमुख कालेजों और विश्वविद्यालय के पीजी विभागों को चयनित किया गया है। प्रवेश परीक्षा दो घंटे की होगी। इसमें वस्तुनिष्ठ सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था करने, सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी व ऑब्जर्वर से लेकर उड़नदस्ता दल के गठन के लिए तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

| केंद्र का नाम | कुल परीक्षार्थी |
|---|---|
| परीक्षा भवन | 1000 |
| एलएस कॉलेज | 1000 |
| सोशल साइंस ब्लॉक | 300 |
| न्यू सोशल साइंस ब्लॉक | 300 |
| आरडीएस कॉलेज | 1500 |
| एमडीडीएम कॉलेज | 600 |
| आरबीबीएम कॉलेज | 500 |
| एमपीएस साइंस कॉलेज | 600 |
| नीतीश्वर कॉलेज | 400 |
| एलएनटी कॉलेज | 500 |
| रामेश्वर कॉलेज | 500 |
| डॉ. जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज | 700 |
| एलएन मिश्रा कॉलेज | 600 |